# परदे में रहने दो पर्दा ना हटाओ

परदे में रहने दो पर्दा ना हटाओ
परदे में रहने दो पर्दा ना उठाओ
आज ग़ज़ब कर डाला कोई नज़र लगाएगा
परदे में रहने दो .............

इसके नाम है एक खराबी नज़रें बहुत मिलता है
धीरे धीरे मुस्काता और आँखों को मटकाता है
ले गया कोई बेहला कर फिर हाथ ना आएगा
परदे में रहने दो .............

ऊपर वाले ने बाबा को सुन्दर बहुत बनाया है
ऊपर से इसके भक्तों ने वाह वाह खूब सजाया है
सांवरिया को बनडा बनाना महंगा पद जायेगा
परदे में रहने दो .............

वृन्दावन में जाकर देखो कैसे पर्दा करते हैं
एक झलक पाने की खातिर कैसे भक्त उछालते हैं
साथ किसी के चला गया तो फिर पछतायेगा
परदे में रहने दो .............

बनवारी भक्तों से प्यारी प्यारी बातें करता है
है ये बिलकुल भोला भाला चालाकी ना समझता है
बैठा बैठा भक्तों से ये नैन लड़ायेगा
परदे में रहने दो .............

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/11027/title/parde-me-rehne-do-parda-na-htaao

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |